हरिभूमि
# विदिशा-रायसेन भूमि फ्रंट पेज
भोपाल, रविवार 7 जुलाई 2024

04 राज्यपाल मंगुभाई पटेल ने ग्राम डिड़ौली में हरी झंडी...



07 जनसंघ के संस्थापक डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के...





## खबर संक्षेप

### श्रद्धालुओं के लिए चाय नाश्ते की व्यवस्था की

**विदिशा।** ग्राम धतुरिया में मातृभूमि युवा मंडल ने मानोरा की रथयात्रा में शामिल होने पिंड़ भरते और पैदल चल रहे श्रद्धालुओं के लिए चाय नाश्ते की व्यवस्था की। संगठन के पदाधिकारी ने बताया कि यहां पर गुजरने वाले श्रद्धालुओं को चाय नाश्ता हुआ और फलाहार दिया जा रहा है। आज मानोरा में भगवान जगदीश स्वामी की रथ यात्रा निकाली जाएगी। जिसमें लाखों की संख्या में श्रद्धालु शामिल होंगे।

### नगर में आज 12 बजे निकलेगी रथयात्रा

**विदिशा।** नंदवाना स्थित लक्ष्मीनारायण से आज दोपहर 12 बजे से रथ यात्रा निकाली जाएगी। जो शहर के मुख्य मार्गों से होते हुए शाम को वापस मंदिर पहुंचेगी। पुजारी मनमोहन शर्मा ने बताया कि पिछले 70 सालों से यह यात्रा निकाली जा रही है। क्योंकि 70 साल पहले आवागमन के इतने साधन नहीं थे श्रद्धालु आसानी से मानोरा तक नहीं पहुंच पाते थे। इसी को ध्यान में रखते हुए लक्ष्मी नारायण मंदिर में या परंपरा प्रारंभ हुई थी जो आज भी जारी है।

### सब्जी मंडी में मोबाइल चुराते युवक को पकड़ा

**विदिशा।** शनिवार को सब्जी मंडी



में एक चोर को लोगों ने मोबाइल चुराते हुए दबोच लिया। लोगों ने चोर के हाथ रस्सी से बांधे और पुलिस को सूचना दी। मौके पर पुलिस के पहुंचने पर लोगों ने उसे पुलिस के हवाले कर दिया।

### हत्या करने वाले आरोपी को आजीवन कारावास

हरिभूमि न्यूज ▶▶विदिशा

भोपाल से हलाली डैम के पास लाकर अपने ही दोस्त को मौत के घाट उतारने वाले भोपाल निवासी आरोपी मोहम्मद आरिफ को अपर सत्र न्यायधीश राजेश शर्मा ने आजीवन कारावास की सजा सुनाई। अधिवक्ता दीपक सेन ने बताया कि 5 दिसंबर 2022 की रात की यह घटना है।

आरिफ को शक था कि भोपाल निवासी आमिर खान के उसकी पत्नी से संबंध हैं। वहीं दोनों में पैसों का भी लेनदेन था। आरिफ ने अपने दोस्त को हलाली डेम लाकर पत्थर और वसूला सिर में मारकर हत्या कर दी। मोहम्मद आरिफ़ से पूछताछ की गई जिसने अपना जुर्म स्वीकार किया। घटना के समय पहने हुए कपड़े, घटना प्रयुक्त लोडिंग ऑटो, खून लगा पत्थर जब्त कराया। न्यायालय ने मोहम्मद आरिफ़ गांधीनगर भोपाल को मृतक आमिर खान पुत्र कदीर खान निवासी गांधीनगर भोपाल की हत्या के अपराध में दोषी पाया।

### पूर्व उप प्राचार्य रहे शिक्षक जमना प्रसाद का निधन



**विदिशा।** शिक्षा विभाग में उप प्राचार्य रहे शिक्षक जमना प्रसाद श्रीवास्तव का निधन हो गया। वह 98 वर्ष के थे। वह प्रसिद्ध आयुर्वेद चिकित्सा अधिकारी डा राकेश श्रीवास्तव के पिता, लक्ष्य श्रीवास्तव के दादाजी एवं व्याख्याता इला श्रीवास्तव के ससुर थे। अंतिम यात्रा आज दोपहर 12 बजे गोदावरी कालोनी से निकलेगी।

# कथा के अंतिम दिन उमड़ा आस्था का सैलाब



### व्हीलचेयर पर कथा सुनने आई दादी मां



विदिशा। कथा सुनने की ललक बुजुर्गों को भी कथा स्थल तक ले आई।

### पदयात्रा करते आए साधु संत



विदिशा। अंतिम दिन तक पैदल चलकर कथा स्थल पर पहुंचे साधु संत।

### गिरधर कॉलोनी में चल रही शिवमहापुराण कथा का हुआ समापन

# कथा के अंतिम दिन पहुंचे 2 लाख श्रद्धालु, पैर रखने नहीं मिली जगह

हरिभूमि न्यूज ▶▶विदिशा

गिरधर कॉलोनी में चली रही अंतरराष्ट्रीय कथा वाचक पंडित प्रदीप मिश्रा की कथा का शनिवार को समापन हो गया। आखिरी दिन लाखों की संख्या में श्रद्धालु कथा सुनने पहुंचे। समापन पर जैसे ही श्रद्धालु बाहर निकले तो हाईवे पर एक किमी तक सड़क पर पैर रखने भी जगह नहीं थी। अंतिम दिन करीब दो लाख श्रद्धालुओं ने पहुंचकर कथा सुनी।

अंतिम दिन कथावाचक पंडित प्रदीप मिश्रा ने कहा कि जब आप कोई बुरा काम करते हैं तो कोई नहीं टोकता है, लेकिन जहां कोई अच्छा काम करते हैं तो लोग कई सवाल पूछते हैं। जब हम कोई अच्छा काम करते हैं तो किसी से डरने की जरूरत नहीं है। पंडित प्रदीप मिश्रा ने कहा कि भगवान भोलेनाथ पर कुछ भी गाने बन रहे हैं, भगवान भोलेनाथ के लिए कभी भी पार्वती जी ने भांग को नहीं घोटा। उन्होंने कहा कि भारत की कोई भी महिला अपने पति को नशा नहीं दे सकती। पार्वती जी ने कभी भी शंकर जी को भांग घोटकर नहीं पिलाई।

#### गलत नहीं, अच्छी संगत करो

कथावाचक पंडित मिश्रा ने कहा कि शंकर भगवान ने कार्तिकेय और गणेश जी से कहा कि कभी भी गलत संगत में मत करो, अच्छी संगत रहो। कथा के अंतिम दिन पंडित प्रदीप मिश्रा ने सभी को धन्यवाद दिया। उन्होंने कहा कि विपरीत परिस्थितियों में भी कथा के लिए तमाम प्रयास कर उसे 7 दिन में पूरा कराया गया। वहीं पिछले अन्य दिनों के मुकाबले आखिरी के दो दिन श्रद्धालुओं की भीड़ अपेक्षाकृत ज्यादा रही। भारी संख्या में तैनात पुलिस जवानों ने व्यवस्था संभाली।



विदिशा। अंतिम दिन की आरती श्रद्धालु महिलाओं ने कथा सुनने के बाद पंडाल के खड़े होकर की।



### तलैया के मंदिर में दर्शन करने पहुंचे पंडित प्रदीप मिश्रा

कथा के अंतिम समापन पर पंडित प्रदीप मिश्रा बालक दास की तैयार स्थित मंदिर पर दर्शन करने पहुंचे। इस दौरान सड़क के दोनों ओर भारी संख्या में भक्तों की भीड़ लग गई। हर कोई उनके दर्शनों के लिए आतुर था, लेकिन वह अपनी वैन से सीधे मंदिर पहुंचे। सड़कों के दोनों और खड़े श्रद्धालुओं ने बम बम भोले के जयकारों से उनका स्वागत किया। मंदिर पहुंचकर पंडित मिश्रा ने पूजा अर्चना की।

## गांव के पास खुदे गड्डे में नहाने गए दो किशोर की डूबने से मौत

### घर से बिना बताए पिंड़ भरते हुए पहुंचे थे मानोरा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ग्यारसपुर

ग्यारसपुर थाना क्षेत्र के करैया गांव में डबरी में डूबने से दो किशोरों की मौत हो गई। मृतक दीनू पुत्र बलवीर कुशवाह 15 साल, कृष्णा पुत्र मुकेश अहिरवार 14 साल घर से बिना बताए जगदीशपुरी मानोरा में पिंड भरते हुए आए थे।

दर्शन कर वापस घर जाते समय गांव के पास खुदे गड्डे में नहाने लगे। दोनों को तैरना नहीं आता था। जिसके चलते डूबने से दोनों की मौत हो गई। साथ में गांव का एक किशोर भी था। दोनों को पानी में डूबता देख उसने गांव वालों को सूचना दी। मौके पर गांव के लोग पहुंचे, लेकिन तब तक दोनों की मौत हो चुकी थी। ग्रामीणों की सहायता से दोनों शवों



को बाहर निकलवाया गया। मौके पर पहुंची पुलिस मृतकों के शवों को पीएम के लिए ग्यारसपुर अस्पताल लेकर आई। एक साथ गांव में दो किशोरों की मौत के कारण पूरा गांव गमगीन है। दोनों बच्चों के परिवारों का रो रोकर बुरा हाल है।

### मंडी को चालू कराने के प्रयास रहे असफल




**विदिशा।** कृषि उपज मंडी में एक जून को हुए हमले के बाद से बंद मंडी पांचवे दिन भी शुरू नहीं हो सकी। दो जून से जारी हड़ताल को सुलझाने के लिए शनिवार को हुई बैठक भी बेनतीजा रही। अनाज तिलहन कल्याण उत्थान संघ के अध्यक्ष राधेश्याम माहेश्वरी के अनुसार एसडीएम ने बैठक लेकर मंडी चालू कराने प्रयास किया है। लेकिन अब सोमवार को ही कोई समाधान निकलने की उम्मीद है।

## सहकार भारती की प्रदेश कार्यसमिति की बैठक हुई

### समाज से बड़ी कोई शक्ति नहीं, समाज रहेगा तो हम रहेंगे : दीनानाथ ठाकुर

**विदिशा।** अंतरराष्ट्रीय सहकारिता दिवस के अवसर पर सहकार भारती की प्रदेश कार्यसमिति बैठक में राष्ट्रीय अध्यक्ष दीनानाथ ठाकुर पहुंचे। उन्होंने कहा कि समाज की शक्ति से बड़ी कोई शक्ति नहीं, समाज रहेगा तो हम रहेंगे। इसलिए सहकारिता के माध्यम से समाज के लिए कार्य करें। सहकार भारती के कार्यकर्ता देशभर के गांव-गांव में पहुंच कर सहकारी समितियों का गठन करें। इस अवसर पर राष्ट्रीय मंत्री अशोक टेकाम, प्रदेश अध्यक्ष शेखर किवे प्रदेश महामंत्री राकेश चौहान, प्रदेश संगठन मंत्री राधेश्याम जलछत्री, इफको डायरेक्टर ऋषिराज सिंह सिसौदिया, प्रदेश उपाध्यक्ष प्रदीप नीखरा, सचिन ताम्रकार, प्रकाश रतनपारखी, ऋषि शुक्ला सहित प्रदेश पदाधिकारी एवं जिले से आए जिलाध्यक्ष महामंत्री संगठन प्रमुख




महिला प्रमुख उपस्थित रहे। स्वागत उद्बोधन सचिन ताम्रकार ने दिया और विदिशा व सांची के एतिहासिक महत्व पर प्रकाश डाला। संगठन मंत्र सुनीता दांगी एवं सहकार गीत पूजा ठाकुर ने प्रस्तुत किया। कार्यक्रम का संचालन जिलाध्यक्ष राहुल गुप्ता द्वारा किया गया। प्रदेश कार्यसमिति की बैठक में सहकार भारती के सदस्यता अभियान और सहकारिता के चुनावों पर गंभीर चर्चा हुई। उक्त जानकारी जिला महामंत्री दीपक खोड़के ने दी।

### इलेक्ट्रिकल विभाग ने बेतवा पर श्रमदान कर पौधे रोपे

**विदिशा।** एसएटीआई कॉलेज के इलेक्ट्रिकल विभाग के स्टाफ़ एवं स्टूडेंट्स ने शनिवार को बेतवा तट पर श्रमदान किया। एक पौधा मां के नाम कार्यक्रम के तहत पौधरोपण किया किया गया। इस दौरान डॉ. वाय. के. जैन के मार्गदर्शन मे व विभागाध्यक्ष प्रोफेसर चंद्रशेखर शर्मा के नेतृत्व में छात्र एवं छात्राएं बेतवा तट पर पहुंचे। इस दौरान बेतवा नदी में फैली जलकुंभी को हटाने के लिए सुबह 6 : 45 बजे से छात्र छात्राओं ने श्रमदान



किया। जलकुंभी को नदी से हटाकर किनारे से दूर फेंका। छात्र-छात्राओं को संबोधित करते हुए समाजसेवी अतुल शाह ने कहा कि जो छात्र आज श्रमदान में उपस्थित हुए उन्हें भविष्य में बेतवा के सदानीरा बनाने और इसके आस पास फैले प्रदूषण को समाप्त करने के प्रयास करने चाहिए। प्रोफेसर चंद्रशेखर शर्मा ने कहा कि विद्यार्थियों को सामाजिक सरोकारों से जुड़ने का अवसर प्राप्त हुआ उससे सामाजिक परिवेश को समझने में आसानी होगी।

# मानोरा रथयात्रा आज, 300 जवान तैनात

हरिभूमि न्यूज ▶▶ग्यारसपुर

ग्यारसपुर के मानोरा में आषाढ़ सुदी दूज के दिन निकलने वाली रथ यात्रा आज निकाली जाएगी।

शनिवार को कलेक्टर बुद्धेश कुमार वैद्य और एसपी दीपक कुमार शुक्ला ने रथ यात्रा की तैयारियों को लेकर ग्राम पंचायत मानोरा में बैठक ली। कलेक्टर ने विभागों के अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि रथयात्रा के दौरान श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की कोई भी असुविधा न हो। रथयात्रा में जो दायित्व विभागों को सौंपे गए हैं वह सभी पूर्ण कर लिए गए हैं। वहीं पुलिस प्रशासन के द्वारा सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए 300 पुलिस जवान निगरानी रखने तैनात किए जाएंगे।




विदिशा। बैठक के दौरान अधिकारियों को निर्देश देते कलेक्टर बुद्धेश कुमार वैद्य।

### आज सुबह सात बजे पूजन के बाद भगवान रथ पर आरूढ़ होकर श्रद्धालुओं को दर्शन देने निकलेंगे

रथयात्रा के दौरान सीसीटीवी कैमरों से भी निगरानी की जाएगी। वहीं भारी वाहनों का मार्ग परिवर्तित किया गया है। श्रद्धालुओं के लिए जगह-जगह पानी की व्यवस्था की गई है। 108 एंबुलेंस भी तैनात रहेगी। चार पलंग का अस्पताल स्वास्थ्य विभाग के द्वारा तैयार किया गया है। जहां पर स्वस्थ विभाग की टीम 24 घंटे उपलब्ध रहेगी। मौके पर फूड विभाग की टीम खाने पीने वाली वस्तुओं की जांच करेगी । शनिवार को सुबह 10:30 से 12:30 तक मंदिर परिसर में भगवान लड्डू गोपाल को विधि विधान से मंत्र उच्चारण कर स्नान कराया गया। रविवार तड़के 4 बजे भगवान जगदीश स्वामी जी मानोरा में पहुंचेंगे और सुबह 7 बजे पूजन के बाद भगवान रथ पर आरूढ़ होकर श्रद्धालुओं को दर्शन देने निकलेंगे। भगवान जगदीश स्वामी मंदिर से जनकपुरी मंदिर की ओर रथ पर आरूढ़ होकर भगवान जगन्नाथ स्वामी बलदेव जी महाराज और सुभद्रा माई प्रस्थान करेंगी। लाखों श्रद्धालु भगवान जगदीश स्वामी के दर्शन करेंगे।

## बासौदा मंडी भाव

शरबती
न्यूनतम भाव-3000
उच्चतम भाव-3761
गेहूं 1544
न्यूनतम भाव-2225
उच्चतम भाव-2885
गेहूं मालवा
न्यूनतम भाव -2460
उच्चतम भाव- 2496
चना
न्यूनतम भाव- 5950
उच्चतम भाव- 6810
मसूर
न्यूनतम भाव-2500
उच्चतम भाव-4482
सोयाबीन
न्यूनतम भाव-2250
उच्चतम भाव-4482
तेवड़ा
न्यूनतम भाव-4880
उच्चतम भाव-5711
सरसों
न्यूनतम भाव-2800
उच्चतम भाव-6000
उड़द
न्यूनतम भाव-5600
उच्चतम भाव-7680
मूंग
न्यूनतम भाव-5360
उच्चतम भाव-7853
धान
न्यूनतम भाव-1250
उच्चतम भाव-2905
अलसी
न्यूनतम भाव-5380
उच्चतम भाव-5380
ज्वार
न्यूनतम भाव-2150
उच्चतम भाव-2150

### कृषि मंडी में हुई आवक

गंज बासौदा। कृषि उपज मंडी में शनिवार को आसपास के ग्रामीण अंचलों से किसान ट्रैक्टर-ट्रालियों से कृषि जिंसों को नीलामी के लिए लेकर पहुंचे। जिससे कृषि उपज मंडी में 5229 बोरे उपज की आवक दर्ज हुई।

## खबर संक्षेप

### करंट लगने से ग्रामीण की मौत

त्योंदा। शनिवार को ग्राम वेदकचौड़ा में धान के खेत में पौध लगाने के दौरान एक व्यक्ति को करंट लग गया। जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना के बाद परिजन उसे त्योंदा सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र लेकर गए जहां पर चिकित्सकों ने परीक्षण उपरांत युवक को मृत घोषित कर दिया। त्योंदा पुलिस ने कायमी कर युवक के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा। पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार मृतक राजेंद्र सिंह मीणा उम्र 40 वर्ष निवासी ग्राम वेदकचौड़ा है।

### ऑटो चालकों की मनमानी से लोग परेशान

गंजबासौदा। स्थानीय रेलवे स्टेशन पर कुछ ऑटो वाले अव्यवस्थित ढंग से ऑटो खड़े कर देते हैं। जिससे पैदल राहगीरों एवं रेल यात्रियों को आवागमन के दौरान परेशानियों का सामना करना पड़ता है। कुछ दिन पूर्व ऑटो सही तरीके से खड़े होने लगे थे और कुछ ऑटो सही ढंग से अभी भी खड़े रहते हैं लेकिन कुछ ऑटो चालक बीच लाइन में अपना ऑटो खड़ा कर यात्रियों को देखते हैं। इस कारण कोई भी बड़े एवं छोटे वाहन को क्रॉस होने में काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। नागरिकों एवं अन्य वाहन चालकों ने रेलवे प्रशासन एवं आरपीएफ से इस समस्या से शीघ्र निजात दिलाने की मांग की है।

# स्व अनिल यादव के जन्मदिवस पर किया पौधरोपण अभियान का शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

वरिष्ठ पत्रकार और पर्यावरणविद स्व अनिल यादव के जन्मदिवस के उपलक्ष्य में पंचतत्व संस्था के सहयोग से शनिवार को गोकुलधाम ग्रीन सिटी कॉलोनी में पौधरोपण किया गया। जिसमें विभिन्न प्रजातियों के 11 पौधों का रोपण नपाध्यक्ष शशि अनिल यादव एवं उनके परिजनों और अन्य गणमान्य नागरिकों द्वारा किया गया।

उल्लेखनीय है कि पौधारोपण , जलसंरक्षण, भू-सरंक्षण एवं जीव जन्तुओं के संरक्षण के प्रति स्व अनिल यादव के प्रयास बहुत ही सराहनीय रहे हैं। पर्यावरण संरक्षण को लेकर किए जा रहे अन्य संस्थाओं एवं नागरिकों के प्रयासों को भी वे हमेशा प्रोत्साहित करते रहते थे। उन्हें जीव जंतुओं, वन्यप्राणियों और पर्यावरण से बेहद लगाव रहा और इसकी झलक उनकी लेखनी में भी सदैव नजर आती रही। उन्होंने इन्हीं विषयों को लेकर कई डॉक्यमेंट्री फिल्में बनाकर भी इस अनछुए और बेहद महत्वपूर्ण पहलु को सभी के सामने रखा।

इसी कारण शनिवार को वरिष्ठ पत्रकार एवं पर्यावरणविद अनिल यादव के जन्मदिवस के अवसर पर पंचतत्व संस्था ने पौधरोपण कार्यक्रम की शुरूआत की। पंचतत्व संस्था के संस्थापक अध्यक्ष सुरेन्द्र सिंह दांगी ने बताया कि स्व अनिल यादव के जन्मदिन के अवसर पर शनिवार से पौधारोपण के वृहद कार्यक्रम की शुरुआत कुछ पौधे रोपकर की जा रही है। इस पूरे वर्ष में अनिल यादव की स्मृति में हजारों-हज़ार पौधे नगर में रोपे जाएंगे।

इस अवसर पर दोपहर में गोकुलधाम ग्रीन सिटी में नपाध्यक्ष शशि अनिल यादव, सांसद प्रतिनिधि देवेन्द्र यादव, पूर्व जनपद अध्यक्ष अंजली यादव,साधना यादव, मनोज यादव, सुनील यादव, संजय यादव, टीआई राजकुमार यादव, नितिन यादव, अनुज यादव, जनपद सदस्य अमृतांशु यादव आदि परिजनों एवं अन्य गणमान्य नागरिकों ने स्व यादव की स्मृति में अमलतास, मधुकामिनी, नीम, आम सहित विभिन्न प्रजातियों के 11 पौधों का रोपण किया। इस अवसर पर पंचतत्व के सुरेन्द्र सिंह दांगी, प्रमोद सिंह राजपूत, निर्मल सेन, डॉ जितेंद्र सिंह, विजय अग्रवाल, राजेन्द्र व्यास, राकेश खंडेलवाल, विमल जैन, विनोद जैन, ब्रजेन्द्र दांगी, बलवीर दांगी, प्रमोद ठाकुर, नरेश दांगी, पत्रकार देवेन्द्र रघुवंशी, सरिता रघुवंशी सहित अन्य गणमान्य नागरिक, पंचतत्व संस्था के सदस्य मौजूद थे।



### मंच से प्रस्तुतियों को सराहा, अर्जुन सिंह के प्रधानमंत्री आवास में पहुंचकर किया पौधरोपण और भोजन

# राज्यपाल मंगुभाई पटेल ने ग्राम डिड़ौली में हरी झंडी दिखाकर सम्पूर्णता अभियान का किया शुभांरभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा







शनिवार को राज्यपाल मंगुभाई पटेल ने आकांक्षी विकासखण्ड गंजबासौदा में सम्पूर्णता अभियान का शुभांरभ किया। नीति आयोग द्वारा घोषित आकांक्षी विकासखण्ड गंजबासौदा के ग्राम डिडौली में आयोजित संपूर्णता अभियान के कार्यक्रम को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि ग्रामीण क्षेत्र में एक भी बच्चा स्कूल जाने से वंचित ना रहे। शिक्षा प्रगति के द्वार खोलती है। केन्द्र एवं राज्य सरकार के द्वारा शिक्षा पर विशेष जोर दिया जा रहा है। अतः हम सबका यह नैतिक दायित्व है कि आने वाली पीढी शिक्षा के महा अभियान से वंचित ना रहें। राज्यपाल ने कहा कि प्रदेश में अति पिछडे बैगा, सहरिया सहित अन्य जनजाति वर्ग के विशेष उत्थान हेतु पीएम जनमन अभियान का संचालन किया जा रहा है। उन्होंने विदिशा जिले में इस अभियान को लेकर कलेक्टर द्वारा किए जा रहे प्रबंधो पर संतोष जाहिर करते हुए कहा कि शेष बचे हितग्राहियों को आगामी तीस सितम्बर तक शत प्रतिशत लाभ दिलाया जाना है और इसकी पूर्णता रिपोर्ट नियत अवधि उपरांत मुझे अनिवार्य रूप से उपलब्ध कराई जाए। इस दौरान राज्यपाल पटेल ने स्कूली विद्यार्थियों के द्वारा जनजागरूकता पर आधारित प्रस्तुतियों की भी भूरि-भूरि प्रशंसा करते हुए छोटे-छोटे बच्चो के द्वारा बडो को दिए जाने वाले संदेशो का पालन करने की अपेक्षा व्यक्त की।

राज्यपाल मंगुभाई पटेल ने कहा कि बच्चों द्वारा नुक्कड नाटक के माध्यम से सिकल सेल जैसी घातक बीमारी से बचाव, क्या करें क्या न करें का संदेश इतनी सहज और सरलता से दिया है कि जांच पहले कराएं शादी बाद में। गर्भवती माताओं को समय पर दवाईयों का सेवन करने व जांच कराने के साथ-साथ यदि जोडे में से यदि कोई एक व्यक्ति सिकल सेल से पीडित है तो उनका बच्चा इस रोग से ग्रस्त नहीं होगा कि जानकारी बच्चो द्वारा दी गई है जो हमें नई सीख देती है। उन्होंने सिकल सेल से जुडा स्वयं का संस्मरण सुनाते हुए प्रशासनिक अधिकारियों को निर्देशित किया कि जनजातिय क्षेत्रों में सिकल सेल को लेकर स्वास्थ्य शिविर लगाते रहें और लोगों को जागरूक करते रहें। इसके अलावा उन्होंने विद्यार्थियों द्वारा बैंड की धुन से प्रस्तुत किए राष्ट्रगान की सराहना करते हुए कहा कि वाद्ययंत्रों के साथ राष्ट्रगान की ऐसी प्रस्तुति मैंने पहली बार देखी है। वहीं उन्होंने नुक्कड नाटक की प्रस्तुति की सराहना करते हुए दशावतार नृत्य नाटिका की प्रस्तुति को भी सराहा। उन्होंने कहा कि टीमवर्क की भावना से कार्यो का संपादन कर समाज के अति पिछडे जनजाति वर्ग के परिवारजनों की उन्नति के लिए प्रधानमंत्री द्वारा संचालित पीएम जनमन अभियान का शत प्रतिशत लाभ इन वर्ग के नागरिकों, बच्चो, महिलाओं को दिलाया जाना है। साथ ही साथ बुनियादी अद्योसंरचनाओं से संबंधित निर्माण कार्यो को भी पूरा कराया जाना है। इस कार्य में किसी भी प्रकार की कोताही ना हो।

उन्होंने क्षेत्र के लोगों, जनप्रतिनिधियों और प्रशासन से कहा कि प्रदेश में भाजपा सरकार है और केन्द्र में भी भाजपा नीत सरकार है। आपके पास मुख्यमंत्री भी हैं और आपके ही क्षेत्र के सांसद केन्द्रीय कृषि मंत्री भी हैं। आपके दोनों हाथों में लड्डू हैं। आप अपने क्षेत्र के विकास एवं गरीब कल्याण के लिए इस अवसर का भरपूर लाभ उठा सकते हैं।

उन्होंने अपने जीवन के बारे में भी बताया कि वे 1982 में पहली बार नपा में चुने गए थे। इसके बाद गुजरात के तत्कालीन मुख्यमंत्री और अब वर्तमान में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मंत्रीमंडल में 14 वर्ष तक मंत्री के रूप में साथ रहे। उन्होंने बताया कि प्रधानमंत्री शुरू से ही गरीबों के प्रति चिंतित रहे हैं और अब भी उनकी ही चिंता करते हुए 18-18 घंटे गरीबों और अति पिछडों के लिए ही काम करते हैं। अभी तक आदिवासी, अति पिछडों के लिए योजनाएं नहीं थीं, लेकिन अब जनमन योजना से इस वर्ग का उत्थान सुनिश्चित किया जा रहा है। राज्यपाल ने इस अभियान के बेहतर क्रियान्वयन को लेकर कलेक्टर बुद्धेश कुमार बौद्ध और जिला सीईओ डॉ योगेश भरसट की सराहना की। इस अवसर पर राज्यपाल ने मंच से ही विभिन्न योजनाओं के हितग्राहियों, लाभांवितों और विद्यार्थियों को लाभ पत्रों का वितरण किया। इस दौरान रतनबाई स्कूल के एक छात्र ने पेंसिल से राज्यपाल मंगूभाई का स्कैच तैयार कर उन्हें भेंट किया। जिसकी राज्यपाल ने काफी सराहना की।

इसके बाद राज्यपाल ने ग्राम की माध्यमिक शाला और आंगनवाडी केन्द्र का भ्रमण किया और वहां की गतिविधियों की जानकारी ली।

इसके बाद राज्यपाल मंगुभाई पटेल ने ग्राम में निवास करने वाले पीएम जनमन आवास योजना से लाभांवित हितग्राही अर्जुन सिंह के घर पहुंचकर उनके नवीन आवास का फीता काटकर गृहप्रवेश कराया।

इसके उपरांत राज्यपाल ने हितग्राही अर्जुन सिंह के साथ बैठकर भोजन ग्रहण किया। इसके पहले राज्यपाल ने हितग्राही के नवीन आवास के बाहर परिसर में एक पेड अपनी मां के नाम अभियान के तहत जामुन का पौधा लगाकर अधिक से अधिक पौधे लगाने के संदेशो का प्रसारण किया। इस अवसर पर शमशाबाद विधायक सूर्यप्रकाश मीणा, विदिशा विधायक मुकेश टण्डन, बासौदा जनपद पंचायत अध्यक्ष नीतू देवेन्द्र रघुवंशी, बासौदा नपा अध्यक्ष शशि यादव, डॉ राकेश जादौन, सरपंच कारेलाल अहिरवार समेत अन्य जनप्रतिनिधि, कलेक्टर बुद्धेश कुमार वैद्य, पुलिस अधीक्षक दीपक कुमार शुक्ला, जिला पंचायत सीईओ डॉ योगेश भरसट, नीति आयोग द्वारा भारत सरकार की सेकेटरी नेहा नोटियाल के अलावा विभिन्न विभागो के अधिकारी, कर्मचारी, गणमान्य नागरिक, ग्रामीणजन मौजूद रहे।


### परिसीमन को लेकर नपाध्यक्ष ने की राज्यपाल से चर्चा



गंजबासौदा। शनिवार को महामहीम राज्यपाल मंगूभाई पटेल के ग्राम डिडौली आगमन पर नपाध्यक्ष शशि अनिल यादव ने उनसे मुलाकात कर उन्हें नगर के परिसीमन को लेकर जानकारी दी। नपाध्यक्ष ने राज्यपाल से अनुरोध किया कि लंबे समय से नगर के परिसीमन का मामला राजभवन में अटका पडा है। यदि राज्यपाल महोदय इस विषय में गंभीरता से शीघ्र कार्रवाई करें तो नगर के परिसीमन का रास्ता साफ हो सकता है और नपा परिसीमन के बाद नगर का बेहतर और अच्छा विकास कर सकती है। इस पर राज्यपाल ने इस विषय में शीघ्र कार्रवाई का आश्वासन दिया। इस अवसर पर मयंक शाह, जनपद सदस्य अमृतांशु यादव मौजूद थे।

### भगवान जन्म नहीं लेते प्रकट होते हैं : पंडित विकास ऐलिया

गंजबासौदा। ईदगाह रोड स्थित आशुतोष नगर वार्ड नंबर 21 में हो रहे श्री राम हनुमंत महायज्ञ एवं भागवत कथा के चतुर्थ दिवस पर कथावाचक आचार्य पंडित विकास ऐलिया ने कहा कि भगवान जन्म नहीं लेते प्रकट होते हैं। इस मौके पर कथा व्यास ने स्पष्ट किया कि स्वयं भगवान जब अवतरित हो रहे थे तब उनके स्वयं माता पिता को कारागाह में कितनी यातनाएं दी गई, लेकिन प्रभु की शक्ति की एक अलग लीला है। विपत्तियां कितनी ही बड़ी क्यों न आ जायें कभी घबराना नहीं चाहिए। केवल परम सत्ता ईश्वर के श्रीचरणों में ही अपना ध्यान रखना चाहिए और सबकुछ उन्हीं पर आश्रित कर देना चाहिए। जब हम ईश्वर के अधीन आश्रित हो जाते हैं। तो हमारे संपूर्ण संतापों का हरण वो स्वयं कर लेते हैं। जब मनुष्य का अच्छा समय होता है तो उसे निश्चित तौर पर अच्छे काम करना चाहिए और इस समय का सदुपयोग करते हुए लोगों की भलाई के साथ पीड़ित वर्ग की सेवा में समय देना चाहिए। कथा व्यास ने बताया कि भगवान बांके विहारी ने जो लीलाएं की हैं उसके पीछे उनका एक अलग उद्देश्य रहा है और प्रत्येक लीला में मानव समाज को उन्होंने एक संदेश भी दिया है। प्रवचनों के दौरान भगवान श्री कृष्ण जन्मोत्सव भी समारोह पूर्वक मनाया गया। इस दौरान उपस्थित श्रद्धालुओं द्वारा मंगलगान गाये गये। महिलाओं ने नृत्य किये और बालस्वरूप भगवान बांके विहारी का पूजन अर्चन किया। ढोल नगाड़े फूलों की बरसात एवं हर्ष उल्लास के साथ कृष्ण जन्मोत्सव मनाया गया। कथा में उपस्थित मुख्य यजमान बलराम सिंह राजपूत, राजन भोला, इंदर सिंह, बृजेश सहित समस्त भक्तों ने मिल-जुलकर कृष्ण जन्मोत्सव मनाया।



### लाइट को लेकर हुआ विवाद, एक की मौत



त्योंदा। त्योंदा तहसील के अंतर्गत आने वाले ग्राम खोंगरा में लाइट की डोरी डालने पर विवाद हो गया, जिसमें एक व्यक्ति की हुई मौत हो गई। प्राप्त जानकारी के अनुसार ग्राम खोंगरा में प्रकाश उम्र 25 वर्ष का लाइट को लेकर ग्राम के ही कुछ लोगों से विवाद हो गया। इस दूसरे पक्ष के लोगों ने मिलकर प्रकाश के साथ मारपीट कर दी, जिससे प्रकाश की मौत हो गई। मौत की जानकारी मिलने पर त्योंदा पुलिस खोंगरा पहुंची और शव का पंचनामा बनाकर स्वास्थ्य केन्द्र लेकर आई। जहां पोस्टमार्टम के उपरांत शव परिजनों को सौंप दिया गया। पुलिस ने इस घटना में आरोपी अशोक, हल्के और धर्मेन्द्र के खिलाफ बीएनएस की धारा 103 ए , 296, 115, 2, 351, 3, 5 के तहत प्रकरण दर्ज कर लिया है।

### विधिक शिविर में न्यायाधीश ने विद्यार्थियों की शंकाओं का किया समाधान

# नौनिहालों के सवालों से सार्थक हुआ विधिक साक्षरता शिविर





हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

स्थानीय सैण्ट एसआरएस पब्लिक हायर सैकेण्डरी स्कूल में शनिवार को विधिक साक्षरता शिविर का आयोजन किया गया। यह आयोजन स्कूल के नौनिहालों द्वारा पूछे गए सवालों और न्यायाधीश आफरीन युसुफजई जिला सत्र न्यायालय के द्वारा दिए गए जबावों से लाजबाव हो गया। उन्होंने बताया कि विधिक साक्षरता शिविर का उद्देश्य बाल संरक्षण एवं संवर्धन की शिक्षा देना है। जिसमें बच्चों की शिक्षा, स्वास्थ्य और उनके विरूद्ध होने वाले अपराधों के रोकथाम के लिए जागरूकता लाना है। क्या आप भी निर्णय देते समय हतोत्साहित होती हैं? विधिक साक्षरता शिविर में एक छात्रा ने कहा कि हम कई बार डीमोटीवेट हो जाते हैं, मन गिव अप करने का होता है, क्या? आप भी डीमोटीवेट हतोत्साहित होती हैं। न्यायाधीश ने बताया कि निश्चित ही हम भी इंसान हैं, हतोत्साहित होते हैं, पर अपने आप को मोटिवेटिव कार्यक्रमों के माध्यम से अपडेट करते रहते हैं। उन बच्चों के लिए जो किसी शाला में नहीं पढते हैं और वे बाल अधिकारों एवं संरक्षण से वंचित हैं, उनके लिए न्यायालय अपने आप में पहल कर उनको अधिकार दिला सकता है या नहीं, जज बनने के लिए कानून की कौन सी डिग्री होती है, आप की कौन प्रेरणा स्त्रोत रही हैं आदि सवालों सहित बाल अधिकार एवं संरक्षण विषय पर पूछे सवाल पर उन्होंने कहा कि विधिक साक्षरता शिविर के माध्यम से हमारा अनिवार्य शिक्षा, बच्चों के स्वास्थ्य एवं बालश्रम के साथ साथ बाल यौन अपराधों पर रोकथाम लगाने के लिए जागरूकता लाना उद्देश्य है। उन्होंने बताया कि किसी को दो मिनिट तक घूरना, कमेंट करना भी अपराध है। लडकियों के साथ ही नहीं बल्कि लड़कों के साथ भी बाल अपराध होते हैं, जिन्हें रोकना हमारी जिम्मेदारी है। शिविर के आरंभ में समाजसेवी सुनील बाबू पिंगले ने बाल अपराधों को आंकडों के माध्यम से बताया।

विधिक साक्षरता सेवा समिति के सदस्य एडव्होकेट राजेश सक्सैना ने विधिक साक्षरता शिविर के उद्देश्य को रखा। संस्था के डायरेक्टर केएस यादव ने संस्था की उपलब्धियों से न्यायाधीश को अवगत कराया। संस्था प्राचार्य उमेशचंद्र यादव ने अतिथियों का आभार माना। संस्था द्वारा अतिथियों का मोमेंटों देकर शॉल श्रीफल एवं पुष्प मालाओं से स्वागत व सम्मान किया गया। विधिक साक्षरता शिविर में स्कूली बच्चों द्वारा पूछे सवालों से न्यायाधीश भी काफी प्रभावित हुई और उन्होंने सभी छात्रों को उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दी। अंत में विद्यालय परिसर में न्यायाधीश एवं शिक्षकों द्वारा पौधारोपण किया गया।

### न्यायाधीशों ने किया पौधरोपण



गंज बासौदा। शनिवार को उप जेल में विधिक साक्षरता शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें न्यायाधीशों ने कैदियों को विभिन्न विधिक जानकारियां दीं। साथ ही विधिक सेवाओं का लाभ उठाने की अपील की। इस दौरान एडीजे अनुराग द्विवेदी, सीजेएम शशांक सिंह द्वारा उप जेल परिसर में लगभग 100 पौधों का रोपण किया गया। इस अवसर जेलर आलोक भार्गव सहित अन्य लोग एवं कैदी मौजूद थे।

# अंधेरे में डूबे रहने वाली गली हुई जगमग, रहवासी खुश




हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

लंबे समय से अंधेरे में डूबे रहने वाली गली नपा के प्रयास से आज जगमग हो गई। जिससे यहां के रहवासियों में खुशी की लहर दौड़ गई। रहवासियों ने बताया कि अंधेरे के चलते गली में शाम होते ही असामाजिक तत्व सक्रिय हो जाते थे जो गली में बैठकर जाम झलकाते रहते थे। जिससे यहां के रहवासी परेशान थे। शनिवार को सावरकर चौक से सुंदर मंदिर वाली नवनिर्मित सडक के किनारे खंभे लगाकर लाइट की वायरिंग डाली गई उसको शाम के समय स्विच ऑन कर शुरु किया गया। जिससे गली जगमग हो गई। रहवासियों ने नपाध्यक्ष शशि अनिल यादव, सांसद प्रतिनिधि देवेन्द्र यादव का आभार व्यक्त किया है। इस दौरान पार्षद प्रतिनिधि रोहित भावसार, अतुल नेमा सहित अनेक भाजपा कार्यकर्ता एवं रहवासी मौजूद थे।

## विधानसभा के प्रत्येक मतदान केंद्रों पर मनाई गई डॉ मुखर्जी की जयंती

# जनसंघ के संस्थापक डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के बलिदान को भुलाया नहीं जा सकता : यादव






हरिभूमि न्यूज ⏭ सिरोंज

भारतीय जनसंघ के संस्थापक और कश्मीर आंदोलन के प्रणेता डॉ श्यामाप्रसाद मुखर्जी की जयंती नगर के मतदान केंद्रों पर प्रेरणा पूर्वक पर मनाई गई। सिरोंज विधानसभा के चितावर,देवपुर एवं नगर मंडल के प्रत्येक मतदान केंद्रों पर भाजपा कार्यकर्ताओ ने सामूहिक रूप से एकत्रित होकर डॉ मुखर्जी का स्मरण करते हुए श्रद्धासुमन अर्पित किए।

इस अवसर पर संगठन ने सभी मतदान केंद्रों पर आयोजित कार्यक्रम में डॉ मुखर्जी के व्यक्तित्व के साथ जनसंघ,भाजपा की स्थापना एवं देश की एकता अखंडता के लिए उनके द्वारा दिए योगदान पर कार्यकर्ताओं से चर्चा के लिए भाजपा नेताओं को वक्ता के तौर पर भेजा गया था। इन वक्ताओं ने कार्यक्रम में डॉ मुखर्जी के चित्र पर माल्यार्पण अर्पित करते हुए उनके जीवन वृत और देश के अभिन्न हिस्से कश्मीर को भारत मे पूर्ण रूप से विजय को लेकर किए गए संघर्षपूर्ण आंदोलन और इसी दौरान संदेहास्पद रूप हुई उनकी मृत्यु के विषय को लेकर विचार व्यक्त किए।

### श्यामा मुखर्जी के जीवन पर डाला प्रकाश

नगर के वार्ड नंबर 16 में जनसंघ एंव भारतीय जनता पार्टी के संस्थापक पंडित श्यामा प्रसाद मुखर्जी की जयंती पर कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें भाजपा के वरिष्ठ नेता रमेश यादव ने श्यामा प्रसाद मुखर्जी जी के चित्र पर माल्यार्पण कर उनके जीवन पर प्रकाश डालते उनको याद किया। वही उन्होने कहा कि एक विधान, एक निशान, एक प्रधान सिद्धांत के शिल्पकार एवं देश की एकता व अखंडता के लिए अपना सर्वस्व न्योछावर करने वाले जनसंघ के संस्थापक डा.श्यामा प्रसाद मुखर्जी के बलिदान को भुलाया नहीं जा सकता। हम बलिदान दिवस पर उन्हें शत्-शत नमन करते हैं। उनका जीवन चरित्र हमें राष्ट्र सेवा के लिए सदैव प्रेरित करता रहेगा। इस अवसर पर भाजपा के वरिष्ठ नेता एंव पार्षद प्रतिनिधि तोषमणी पंथी ने भाजपा के वरिष्ठ नेता रमेश यादव का फूल माला पहना कर स्वागत किया। साथ ही कार्यकर्ताओं का आभार व्यक्त हुए मिठाई बांटी। इस मौके पर कार्यक्रम में सुनील साहू,जीवन सिंह मीणा,लक्ष्मण सिंह मीणा,मनमोहन कुशवाह,दीपक जाटव,धनश्याम कुशवाह आदि मौजूद रहे।

### कश्मीर में अलग झंडा और अलग कानून चलते थे

मतदान केंद्र क्रमांक 199 पर आयोजित कार्यक्रम में कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए भाजपा संगठन के महामंत्री सुमंत मित्तल ने कहा कि एक देश मे दो विधान दो प्रधान दो निशान नही चलेंगे का नारा देकर भारत देश के अभिन्न अंग कश्मीर के विलय को लेकर आंदोलन खड़ा कर अपने प्राणों को न्योछावर करने वाले डॉ मुखर्जी की जयंती आज हम प्रेरणा दिवस के रूप में मनाते हैं। डॉ श्यामाप्रसाद मुखर्जी के द्वारा कश्मीर के भारत मे विलय को लेकर जो आंदोलन खड़ा किया किया गया। उसे देश में पूर्ण बहुमत की सरकार बनने के बाद देश के वर्तमान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने साकार किया है। देश की एकता के लिए अपने प्राणों का उत्सर्ग करने वाले डॉ मुखर्जी की बदौलत ही आज जम्मू कश्मीर में भारत का राष्ट्रीय ध्वज फहरा रहा है। वही उन्होने कहा कि एक जमाना था जब कश्मीर को छोड़कर पूरे देश मे एक सा कानून लागू होता था लेकिन कश्मीर में अलग झंडा और कानून चलते थे। सदियों से कश्मीर भारत का अभिन्न अंग रहा है और रहेगा लेकिन कांग्रेस की सत्ता हथियाने की नीति ने फूलों की घाटी में आतंकवाद को फैला दिया। डॉ मुखर्जी द्वारा प्रारंभ किए गए आंदोलन का परिणाम ही है कि देश में पूर्ण बहुमत की भाजपा सरकार आने के बाद बिना किसी दंगे फसाद के धारा 370 भी हटी। कार्यक्रम में विगत दिनों लोकसभा में विपक्ष के कांग्रेसी नेता राहुल गांधी द्वारा देश की हिन्दू समाज को हिंसक कहे जाने की भी भर्त्सना की गई। इसके पूर्व कार्यक्रम का शुभारंभ डॉ मुखर्जी के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन कर किया गया। मंडलों के विभिन्न मतदान केंद्रों पर आयोजित कार्यक्रमों में प्रमुख रूप से भाजपा के पदाधिकारीगण एवं बूथ कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## सेवा सप्ताह कार्यक्रम अंतर्गत बजरंग दल कार्यकर्ताओं ने किया पौधरोपण



**सिरोंज।** नगर के भोपाल रोड स्थित जटाशंकर धाम पर विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल द्वारा सेवा सप्ताह के अंतर्गत 101 पौधे लगाने का संकल्प लिया। इस मौके पर शनिवार को मंदिर परिसर में 11 पौधे लगाए गए। वही विश्व हिन्दू परिषद बजरंग दल कार्यकर्ताओं ने मानव जीवन में पौधो के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि पेड़-पौधों का मानव जीवन में बड़ा महत्व है। ये हमें न सिर्फ ऑक्सीजन देते हैं। बल्कि तमाम प्रकार के फल-फूल, जड़ी बूटियां और लकड़ियां आदि भी देते हैं। घर के आसपास पौधरोपण करने से गर्मी, भू क्षरण, धूल आदि की समस्या से बच सकते हैं। इस अवसर पर कार्यकर्ताओं ने सागौन, अशोक, अमलतास, नीम, अर्जुन, आम, शीशम सहित करीब दो दर्जन से अधिक प्रजातियों के पौधे रोपने का संकल्प लिया।




## गौरझामर में स्वास्थ्य जांच शिविर सम्पन्न

**गौरझामर।** शनिवार को जैन शिक्षा समृद्धि के मार्गदर्शन में संस्कार इंटरनेशनल स्कूल गौरझामर में स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन रखा गया। जिसमें 112 बच्चो का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। शिविर में प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र गौरझामर के चिकित्सीय स्टाफ डॉ. शरद तिवारी, प्रियंका प्रभाकर, आयशा बहना, आरएस बघेल एवं नरेश अहिरवार उपस्थित रहे। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि रोशन घुरा के साथ साथ स्कूल के अभिभावकों, शिक्षको एवं कर्मचारियों का भी स्वस्थ्य परीक्षण किया गया। कार्यक्रम की समाप्ति पर स्कूल के डारेक्टर विवेक जैन ने उपस्थित डाक्टर एवं सभी नागरिकों को स्मृति चिन्ह एवं स्कूल का वार्षिक कैलेंडर भेंट किया।

## कांग्रेस का प्रतिनिधि मंडल पहुंचा जिला चिकित्सालय मेहर में उल्टी दस्त में भर्ती मरीजों से मुलाकात की

सागर। सागर की मेहर ग्राम में अज्ञात कारणों से सैकड़ो की संख्या में लोग उल्टी और पेचिस से बीमार हो रहे हैं। आज जिला कांग्रेस के अध्यक्ष द्वय डाँ आनंद अहिरवार (पूर्व सांसद) एवं राजकुमार पचौरी के नेतृत्व में कांग्रेस के प्रतिनिधि मंडल ने जिला चिकित्सालय पहुंचकर भर्ती मरीजों से मुलाक़ात की एवं अस्पताल में मिल रहीं सुविधाओं का जायजा लिया। ज्ञात हो कि मेहर ग्राम में अचानक से एक ही बीमारी से लगभग चार सौ लोग पीड़ित है, जिनका अलग अलग अस्पताल में इलाज चल रहा है। जिला शहर कांग्रेस अध्यक्ष राजकुमार पचौरी ने सिविल सर्जन डाँ आर एस जयंत से चर्चा कर कहा कि इस तरह के सभी मरीजों के लिए अलग से वार्ड दिया जाए जिनमे सभी सुबिधाये उपलब्ध हो, एवं जिन कारणों से यह बीमारी फैली है, उन कारणों की उचित जांच कराई जाए। जिला ग्रामीण अध्यक्ष डाँ आनंद अहिरवार ने कलेक्टर से बात करके पीड़ितों को आर्थिक सहायता उपलब्ध कराने का आग्रह किया, जिसपर कलेक्टर सागर ने अपनी स्वीकृति दी। प्रतिनिधि मंडल में अमित रामजी दुबे, मुकुल पुरोहित, प्रवक्ता आशीष ज्योतिषी, अवधेश तोमर, प्रदीप पप्पू गुप्ता, जगदीश यादव आदि शामिल थे।

# नप ने मुख्य सड़क डिवाइडर पर चलाया पौधरोपण अभियान



हरिभूमि न्यूज ⏭ बरेली

नगर को हराभरा सुंदर बनाने के लिए नगर पंचायत द्वारा शनिवार को नगर के बीचो-बीच से निकली मुख्य सड़क के डिवाइडर पर वृक्षारोपण अभियान चलाया गया। नगर पंचायत अध्यक्ष हेमंत चौधरी उपाध्यक्ष नेपाल सिंह राजपूत पार्षद व नगर के पत्रकारों आंगनवाड़ी महिला कार्यकर्ताओ नगर पंचायत के सीएमओ हरिशंकर वर्मा एवं कर्मचारियों द्वारा उत्साह पूर्वक वृक्षारोपण किया गया।

नगर के बीचों-बीच से निकली मुख्य सड़क पर बने डिवाइडर पर पूर्व के वर्षो में भी वृक्ष लगाए गए थे मवेशियों द्वारा नुकसान पहुंचाने से उनकी संख्या कम हो गई थी डिवाइडर के बीच लगे बिजली के खम्बो पर तिरंगा आकार में विद्युत संज्ञा की गई है जो रात में किसी बड़े नगर का एहसास कराती है। डिवाइडर की खाली भूमि पर शनिवार को विभिन्न प्रकार के पौधों का उदयपुरा नाके से पौधरोपण अभियान चलाया गया।

नगर को स्वच्छ सुंदर बनाने का प्रयास

नगर पंचायत अध्यक्ष हेमंत चौधरी ने कहा कि नगर हरा बारहा हरियाली युफ्त बनाकर पर्यावरण संरक्षण का प्रयास नगर पंचायत द्वारा किया जा रहा है नगर को स्वच्छ साफ बनाए रखने के प्रयासों में आमजन दुकानदारों की भी सक्रिय भूमिका जरूरी है। नगर पंचायत उपाध्यक्ष नेपाल सिंह राजपूत सीएमओ हरिशंकर वर्मा पार्षद पूरन सिंह धाकड़ स्वच्छता अंबेडकर वरिष्ठ पत्रकार सुरेश बिदुआ संजय शर्मा, राजेश मालवी, अनिल वर्मा, मुकेश प्रजापति, विभिन्न आंगनबाड़ी के कार्यकर्ताओं गुरुकुल स्कूल के संचालक प्रशांत राठी नगर पंचायत के अधिकारियों कर्मचारियों की वृक्षारोपण कार्यक्रम के दौरान उत्साह पूर्वक उपस्थिति बनी रही।

## स्व डॉ देवीसिंह के निधन पर सभा में दी श्रद्धांजलि

### शोकाकुल परिवार एवं समाज ने किया मृत्यु भोज का बहिष्कार

हरिभूमि न्यूज ⏭ गौरझामर



डॉ देवीसिंह लोधी मडिया वालों के निधन पर शोकाकुल परिवार ने तेरहवीं न करते हुए श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया। ग्राम गौरझामर में मृत्युभोज बंद कराने यूं तो अनेक आयोजन और संकल्प सभाएं होती हैं, लेकिन यह संकल्प अमल में कम ही आ पाते हैं, ग्राम गौरझामर में इस ओर आलोक संघ एवं लोधी क्षत्रिय महासभा ने मजबूती से एक कदम बढ़ाया है। खास बात यह है कि इस कदम की चारों ओर सराहना हो रही है।

ग्राम गौरझामर निवासी डॉ देवीसिंह लोधी मड़िया बालों का बीते 26 जून को दुखद निधन हो था। दिवंगत आत्मा की शांति मृत्यु भोज के स्थान पर श्रद्धांजलि शोक सभा आयोजित की गई। जिसमें आलोक संघ एवं लोधी क्षत्रिय समाज सागर एवं अन्य समाज के वरिष्ठ लोगों ने डॉ देवीसिंह लोधी के छायाचित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धा सुमन अर्पित किए। वरिष्ठ लोगों ने संबोधन करते हुए डॉ श्री सिंह के विचारों पर प्रकाश डाला। मृत्युभोज न करने के लिए आलोक संघ एवं लोधी क्षत्रिय समाज महासभा निरंतर प्रयासरत गौरतलब है कि लोधी क्षत्रिय महासभा द्वारा क्षेत्र में मृत्यु भोज जैसी कुरीतियों को बंद करने के लिए हर संभव प्रयास किए जा रहे हैं। समाज के वरिष्ठजनों की प्रेरणा से गौरझामर के मड़िया वाले परिवार ने भी समाजहित में मृत्युभोज न कराने का निर्णय लिया। उनके द्वारा लिए गए निर्णय पर चिकित्सक देवीसिंह लोधी के पुत्र राजकुमार सिंह लोधी, मिहरवान सिंह लोधी, अभिषेक लोधी को पगड़ी बांधकर परिवार का दायित्व सौपा। समाज को सही दिशा देने के लिए उपस्थित वरिष्ठ जनों ने अपने अपने विचार व्यक्त किए और मृत्युभोज बंद करने का शपथ पूर्वक निर्णय लिया। श्रद्धांजलि सभा में उपस्थित संदीप सिंह डोंगर विदिशा, कड़ोरी सिंह, इंद्राज सिंह सिलारपुर, राजकुमार लोधी जिला अध्यक्ष आलोक संघ सागर, निर्मल कुमार जैन, नाथूराम मिश्रा, मंडल अध्यक्ष प्रीतम सिंह लोधी, डॉ देवीसिंह, डॉ राजेंद्र सिंह, डॉ के के नेमा, इंजी शालीन सिंह लोधी सागर, एडवोकेट जगमोहन सिंह शाहपुर, एडवोकेट यशवंत सिंह आदि उपस्थित थे।



## निगमायुक्त ने दिए निर्देश, सड़क किनारे कचरे का सेकंडरी पॉइंट नहीं बनाएं

**सागर।** नगर निगम आयुक्त राजकुमार खत्री शनिवार को प्रातः नगर के विट्ठल नगर और गुरु गोविंद सिंह वार्ड का निरीक्षण करने पहुंचे, जहां उन्होंने वार्ड के नालों और गलियों की सफाई व्यवस्था और जल सप्लाई व्यवस्था का मौके पर जाकर निरीक्षण करते हुये वार्ड के नागरिकों से चर्चा की। उन्होंने गुरु गोविंद सिंह वार्ड और विट्ठल नगर वार्ड के बीच गुप्ता डेरी के आगे पुलिया के पास से जाने वाली पाइपलाइन का निरीक्षण किया और लाइन को ऊंचा उठाने और उसके बाल्व को वर्तमान स्थान से आगे लगाने के निर्देश दिए, इसी प्रकार उन्होंने वार्डों की नालों की सफाई व्यवस्था निरीक्षण करते हुए गुप्ता डेरी के पास सडक किनारे लगे कचरे के ढेर को देखकर संबंधित वार्ड के सफाई दरोगा को फटकार लगाते हुए कचरे का सेकेंडरी पॉइंट ना बनाया जाए और गाड़ियों से आने वाला कचरा सीधे कचरा गाड़ी में डाला जाए, साथ ही साथ उन्होंने स्थानीय नागरिकों को भी समझाईस दी कि नाली कच्ची हो या पक्की उसमें कचरा /पालीथिन ना डालें क्योंकि इससे नालियां चोक होती हैं। जिसके कारण नालियों का पानी आजू-बाजू में फैलता है इसलिए नागरिक जागरुकता का परिचय देते हुए स्वयं नालियों में कचरा ना डालें और दूसरे व्यक्ति को नाले/नालियो में कचरा डालते देखें तो उसे रोके-टोके। उन्होंने अमावनी पहुंचकर वहां लगे पुराने कचरे के ढेर को उठाने के कार्य का भी अवलोकन करते हुए ढेर को साफ करने वाली संबंधित संबंधित एजेंसी के कर्मचारियों को शीघ्र ढेर की सफाई कराने के निर्देश दिए।

## नाहर स्कूल में छात्रा का सम्मान कर सहायता दी




बरेली। मानिक लाल नाहर हायर सेकंडरी स्कूल की छात्रा अंजलि अहिरवार ने कक्षा 12वीं की बोर्ड परीक्षा में बायोलॉजी संकाय में 90 अंक प्राप्त कर स्कूल गौरव बढ़ाया गया। छात्र की उपलब्धि पर नाहर स्कूल की संचालक अर्चना नाहर, संरक्षक अजय नाहर द्वारा अंजलि अहिरवार को पांच हजार की सम्मान राशि, प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। स्कूल प्रबंधन एवं शिक्षक शिक्षिकाओं ने छात्रा के उजवल भविष्य की कामना करते हुए बधाई दी गई।

## भारतीय वायु सेना में आवेदन 8 जुलाई से

**सागर।** भारतीय वायु सेना (अग्निवीर) के लिए ऑनलाइन आवेदन 8 जुलाई से 28 जुलाई तक किये जाएगें। इच्छुक आवेदन वेबसाइट पर जाकर अपना पंजीयन करा सकते है। युवा आवेदक जिनका जन्म 3 जुलाई 2004 और 3 जनवरी 2008 के मध्य हुआ है, आवेदन करने के लिए पात्र है। शैक्षणिक योग्यता संबंधी जानकारी विज्ञापन या भारतीय वायु सेना भर्ती की उपरोक्त वेबसाइट से प्राप्त की।

## महिलाओं के सशक्तीकरण के लिए लाड़ली बहना योजना मील का पत्थर हो रही है साबित : सांसद

**सागर।** महिलाओं के सशक्तीकरण के लिए लाड़ली बहना योजना मील का पत्थर साबित हो रही है। इस योजना से बहनें न केवल सशक्त हो रही है बल्कि आर्थिक रूप से समृद्ध भी बन रही हैं। उक्त विचार सागर सांसद लता वानखेड़े ने कलेक्टर कार्यालय के सभा कक्ष में आयोजित लाड़ली बहना कार्यक्रम में व्यक्त किये। इस अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष हीरा सिंह राजपूत, गौरव सिरोठिया, कलेक्टर दीपक आर्य, अपर कलेक्टर रुपेश उपाध्याय सहित अन्य जनप्रतिनिधि मौजूद थे। लाड़ली बहना योजना सहित अन्य योजनाओं की राशि हस्तांतरण कार्यक्रम में सांसद लता वानखेड़े ने कहा कि आज लाड़ली बहना योजना हमारी बहनों के सशक्तीकरण के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण बन गई है। उन्होंने कहा कि इस योजना से हमारी बहनों में समृद्धि आई है वहीं घर चलाने में अब परेशानी का सामना नहीं करना पड़ रहा है।

# बाड़ी से खरगोन के बीच फोरलाइन 45 पर बने आधा दर्जन ब्रिज

### ओवर ब्रिज पर नहीं लाइटिंग, शराबियों असामाजिक तत्वों का डेरा, ओवर ब्रिज की साइड वाली सड़कें क्षतिग्रस्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ बरेली



भोपाल जबलपुर फोर लाइन 45 पर विभिन्न स्थानों पर दुर्घटना क्षेत्र बन रहा है जहां मार्गो की क्रॉसिंग और भारी यातायात है वहां ओवर ब्रिज अंडरपास की आवश्यकता जरूरी है।

गाड़ी से खरगोन तक फोर लाइन 45 पर आधा दर्जन से अधिक ओवर ब्रिज अंडरपासों के ठेकेदार द्वारा बनाए गए कैलेंडर पास नंबर लाइटिंग ना होने से अंधेरा बना रहता है जिसका लाभ उठाकर रात में शराबियों की दवा चौकड़ी और गतिविधियां बनी रहती है। लंबे समय से अंडर पास ओवर ब्रिज होकर लाइटिंग करने के संबंध में व्यापार महासंघ नागरिकों द्वारा ज्ञापन सौंपे जाने के बाद भी एमपीआरडीसी सड़क ठेकेदार टोल बासुरी वालों की लगातार रहीं उदासीनता कभी भी बड़ी अप्रिय घटना दुर्घटना का कारण बन सकती है। **सर्विस रोड क्षतिग्रस्त भरता है पानी:** स्थान स्थान पर बने ओवर ब्रिज अंडर ब्रिज के साइड में सर्विस मार्ग बने हैं। इन मार्गो को डामर मिट्टी का बनाया गया है। मार्गो के किनारों पर पानी निकास की तकनीकी जान से व्यवस्था न होने से जब भी जोरदार बारिश होती है। सर्विस मार्गो पर पानी भर जाने से बने गड्ढे और क्षतिग्रस्त सड़क और अधिक हो जाने से वाहन चालक हैरान परेशान बने रहते हैं। गड्ढों में वाहन भी फ स जाने की स्थिति बनती है।

**चौराहों पर अतिक्रमण दुकानों की भरमारः** फोरलेन 45 पर तेज गति से वाहनों का भारी आवा गमन होता है प्रॉब्लम से नगर में प्रवेश और ग्रामीण क्षेत्र के आधा दर्जन मार्ग जुड़े हुए हैं। उनके आसपास भारी अतिक्रमण और दुकानों की भरमार के साथ मवेशियों का डेरा बना रहने से हमेशा जानलेवा घटना दुर्घटनाएं होती रहती है। कोटपार गणेश, गुरारिया रोड, किंगी रोड पर 3 क्रॉसिंगों पर संभावित दुर्घटना क्षेत्र होने से हमेशा घटनाएं होती है। मवेशी मरने, वाहन पलटने की घटना तेजी से बढ़ रही है। सुरक्षा के इंतजाम और सुरक्षित यातायात में बाधा बनने वाले अतिक्रमण को हटाया जाना जरूरी है।

## न्यायाधीश ने किया पौधरोपण, विधिक संरक्षता शिविर में बालकों के मौलिक अधिकारों की भी दी जानकारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ बरेली



तहसील विधिक सेवा समिति के द्वारा बाल संवर्धन एवं संरक्षण सप्ताह के अन्तर्गत ग्राम करमवाडा में विभिनन साक्षरता शिविर का आयोजन में न्यायाधीश अजीत कुमार तिर्की की विशेष उपस्थिति में कार्यक्रम हुआ। न्यायाधीश तिर्की ने ग्रामवासियों द्वारा बच्चों की उपस्थिति में ग्राम पंचायत भवन में हुए कार्यक्रम में बच्चों के शारीरिक मानसिक, नैतिक एवं आध्यात्मिक क्षमता के विकास के विभिन्न पहलुओ से अवगत कराया गया। संरक्षण, उनके विधिक अधिकारों से भी अवगत कराया गया। विधिक साक्षरता शिविर के दौरान एजीपी नवनीत भार्गव, उप सरपंच यशवंत सिंह चौहान, ग्रामीण गुलेन्द्र सिंह, उजागर सिंह, जसमन सिंह, भानुप्रताप सिंह, गजराज सिंह एवं ग्रामीणों, बच्चों की उपस्थिति रही। कार्यक्रम के समापन पर न्यायाधीश तिर्की द्वारा ग्रामीणों के साथ पौधरोपण किया गया।

# घुटने-घुटने पानी, कीचड़ से लथपथ कच्चे रास्ते से गुजर कर बरसते पानी में छाता लेकर खेत में दबाए पशु आहार की जांच करने पहुंचे एसडीएम

◆ गोशाला सांईखेड़ा के पशु आहार को खेत में दबाने के मामले की शिकायत पर रात्रि 9 बजे जांच करने खेत पर पहुंचा सरकारी अमला





हरिभूमि न्यूज ⏭ सिलवानी

बरसते पानी से खुद को बचाने हाथ में छाता रखे कीचड़ में लथपथ होकर, घुटने घुटने पानी से निकल कर कच्चे रास्ते को पार कर एसडीएम रात्रि करीब 9 बजे अमले के साथ करीब 2 किलोमीटर पैदल चल कर खेत पर पहुंचे तथा खेत में बह रहे पशु आहार की जांच की तथा जब्ती व पंचनामा की कार्रवाई कर उच्चाधिकारियों को अवगत कराया, कार्रवाई करीब 2 घंटे चली। ऐसी घटनाएं अकसर फिल्मों में ही देखी व सुनी जाती है लेकिन सांईखेड़ा ग्राम पंचायत क्षेत्र में यह मामला सत्य घटना के रुप में परिवर्तित हुआ।

जानकारी के अनुसार ग्राम पंचायत सांईखेड़ा में स्थित सरकारी गौशाला को शासन से प्राप्त हुए पशु आहार को पशुओं को ना खिलाया जाकर एक खेत में दबा कर रखे जाने की शिकायत पर एसडीएम प्रकाश नायक शुक्रवार की रात्रि करीब 9 बजे अमले के साथ जांच के लिए पहुंचे, खेत पर पहुंचने के लिए बरसते पानी में अमले को कीचड़, कच्चे व पानी भरे रास्ते से होकर करीब 2 किमी पैदल चलकर खेत तक जाना पड़ा। जांच के दौरान शिकायत सच पाई गई, यहां पर एसडीएम व अमले ने खेत में बह रहे पशु आहार की जांच कर उपस्थितों के सामने पंचनामा की कार्रवाई की।

एसडीएम प्रकाष नायक ने बताया कि सांईखेड़ा ग्राम के पास एक खेत में पशु आहार दबे होने की शिकायत पर जांच करने के लिए अमले के साथ पहुंचे। यहां पर पशु आहार बहता हुआ पाया गया,कुछ खुदाई करने पर पशु आहार निकला जिससे पशु आहार दबा होने पुष्टि हुई। पषु आहार किसका है, खेत में कैसे आया, क्यो दबाया, यह जांच का विषय है। जांच के बाद ही किसी निष्कर्ष पर पहुंचा जा सकता है।

सीईओ नीलम रायकवार ने कहा कि सांईखेड़ा ग्राम पंचायत की गोशाला का पशु आहार खेत में दबे होने की शिकायत प्राप्त हुई थी, एसडीएम के द्वारा मौके पर पहंच कर पशु आहार खेत में दबे होने के मामले में कार्रवाई गई है। उन्होंने माना कि ग्राम पंचायत सांईखेड़ा में सब कुछ ठीक नही है। इस मामले में पुलिस के द्वारा सचिव के बयान जाना बताया जा रहा है।

### मामले की जांच आवश्यक

*हालांकि पशु आहार खेत में कैसे पहुचां, किसने पहुंचाया, किसने खेत में खुदाई कर बोरियों या पैकेट में से निकाल कर मिटटी में दबाया, यह जांच का विषय है ऐसा अधिकारियों के द्वारा कहा जा रहा है, बात भी सही है कि जांच के बाद ही सच्चाई सामने आ सकती है। लेकिन चल रही चर्चाओं पर यकीन किया जावे तो ग्राम पंचायत सांईखेड़ा की गौषाला के लिए आए हुए पशु आहार को गोशाला की बजाए खेत में पहुचाया गया, खेत राधेश्याम रघुवंशी का होना बताया जा रहा हैं। अब देखने वाली बात यह होगी कि क्या प्रशासन उक्त मामले की निष्पक्ष जांच कराएगा या मामले को ठंडे बस्ते में डाल कर कर्तव्य की इतिश्री कर लेगा। बहरहाल जो भी हो लेकिन गोमाता के आहार पर भी डाका डालने का कार्य किया जा रहा हैं। प्रशासनिक अधिकारी ईमानदारी से जनपद क्षेत्र की ग्राम पंचायतो की जांच करावे तो अनियमित्ताओ के अनेक मामले सामने आ सकते हैं।*

## खबर संक्षेप

### नगर के वार्ड 15 में बिजली कंपनी ने लगाया शिविर



**सिलवानी।** बिजली की आंकलित खपत के आधार पर बिल, मीटर में खराबी, लो वोल्टेज एवं बिजली सप्लाई में गतिरोध जैसी शिकायतों के समाधान के लिए बिजली कंपनी द्वारा नगर के विभिन्न वार्डो में शिविर आयोजित किए जा रहे है। इन शिविरों में पहुंच कर बिजली कंपनी के अधिकारियों के द्वारा उपभोक्ताओं की समस्या का निराकरण किया जा रहा है। शनिवार को नगर के वार्ड नंबर 15 में शिविर आयोजित किया गया, यहां पर पहुचे उपभेक्ताओं के द्वारा समस्याओं को रखा गया, कमोवा कई आवेदनों का मौके पर ही निराकरण किया। यहां पर बिजली कंपनी के जेई बीएल शाक्या, प्रदीप झारिया, हेमराज चौधरी लाइनमेन आदि विशेष रुप से मौजूद रहे। आयोजित शिविर में पार्षद प्रदीप कुशवाहा, मोहन साहू, शिवा बड़कुर, हरिसेवक साहू, लक्ष्मी नारायण कुशवाहा, भगवान दास कुशवाहा, नर्मदा प्रसाद कुशवाहा, अमित रैकवार, रामकृष्ण सेन, अजब सिंह आदि मौजूद रहे।

### ग्रामीण क्षेत्रों में भी किया जा रहा है पौधरोपण

**सिलवानी।** भाजपा संगठन द्वारा चलाए जा रहे 1 पेड़ अपनी मॉ के नाम अभियान के तहत भाजपा कार्यकर्ताओं द्वारा बूथ स्तर तक पौधरोपण किए जाने का कार्यक्रम चलाया जा रहा है। इसी कड़ी में भाजपा मंडल प्रभारी गोपाल सिंह राजपूत ने शनिवार को ग्रामीण अंचलों में पौधरोपण किया तथा कार्यकताओ व नागरिको से अधिक संख्या में पौधरोपण कर अभियान में अपनी सहभागिता दर्ज करने का आग्रह किया तथा पौधरोपण कर पौधो के पेड़ बनने से होने वाले लाभ को भी लेखांकित किया।

# यूपी लखनऊ से बस में बैठाई सवारी, छोड़ना था इंदौर महाराष्ट्र, ड्राइवर बोला भोपाल तक ही लेकर जाऊंगा

◆ धोखाधड़ी की शिकायत मिलते ही मौके पर पहुंची सुखीसेवनिया पुलिस

◆ सुबह 10 बजे से 2बजे तक चलता रहा हंगामा, महिलाएं बच्चे हुए परेशान







हरिभूमि न्यूज ⏭ सलामतपुर/दीवानगंज

यात्री बस की ट्रैवल एजेंसी द्वारा यात्रियों के साथ धोखाधड़ी करने का एक मामला शनिवार को सामने आया है। उत्तर प्रदेश के लखनऊ से चार्टर्ड बस में बैठी सवारियों के साथ धोखाधड़ी की गई। चार्टर्ड बस में यात्री अलग-अलग स्थान पर जाने के लिए बैठे थे। जिनमें महाराष्ट्र, ब्यावर, पुणे, इंदौर, आदि के यात्री शामिल थे। जब भोपाल विदिशा हाईवे 18 के देहरी गांव के पास चार्टर्ड बस पहुंची तो यात्रियों को संदेह हुआ।

क्योंकि जिस रूट पर बस चल रही थी यह रूट उनका था ही नहीं, यात्रियों ने बस रुकवाकर इस मामले में ड्राइवर से बात की तो ड्राइवर का कहना था कि वह सभी सवारियों को भोपाल छोड़ेगा। जबकि भोपाल की सिर्फ एक ही सवारी बस में सवार थी। इस बात को लेकर यात्री भड़क गए यात्रियों का कहना था कि उन्होंने तो अपने स्थान पर जाने के लिए किराया पूरा दिया है। तो उनको आधे रास्ते में क्यों छोड़ा जा रहा है। जब टिकट पर लिखे ट्रैवल एजेंट के नंबर पर फोन लगाया तो फोन नम्बर भी गलत पाया गया।

मौके पर सूखी सेवनिया थाना पुलिस भी पहुंची और काफी देर तक हंगामा चलता रहा। सुबह 10 बजे से दोपहर के 2 बज गए। इस दौरान महिलाएं और छोटे-छोटे बच्चे परेशान होते दिखाई दिए। फिर पुलिस चार्टर्ड बस को सूखी सेवनिया थाना ले गई। इस दौरान बस में सवार अरमान खान, राजकुमारी राठौर और चांदनी ने बताया कि हमारे साथ धोखाधड़ी की गई है। हम सभी लोग उत्तर प्रदेश के लखनऊ शहर से चार्टर्ड बस यूपी78 एफटी 3590 में सवार होकर इंदौर, महाराष्ट्र, पुणे सहित अन्य शहरों में जा रहे थे। लेकिन ट्रेवल्स संचालक की धोखाधड़ी के चलते उसने ड्राइवर से सभी सवारियों को भोपाल छोड़ने का बोला। हमारे साथ धोखा किया गया है। इस मामले में ट्रेवल्स संचालक पर कार्रवाई होना चाहिए।

पुलिस ने मामला किया दर्ज, आरोपी फरार

# शौच करने जा रही नाबालिग से युवक ने की छेड़खानी

हरिभूमि न्यूज ⏭ सलामतपुर

थाना क्षेत्र के अंतर्गत रेलवे लाइन के दूसरी और एक मोहल्ले में दिन दहाड़े एक नाबालिग लड़की के साथ एक युवक ने छेड़छाड़ की वारदात को अंजाम दे दिया। वो तो गनीमत रही कि लड़की ने आरोपी को जमकर लात मारी और मौके से भागने में सफल रही। वरना बड़ी घटना हो सकती थी।

पुलिस से मिली जानकारी अनुसार रेलवे लाइन की दूसरी और दोपहर लगभग दो से तीन बजे के बीच एक 13 साल की नाबालिग लड़की के साथ उसी मोहल्ले में रहने वाले शिवम ने अपनी झोपड़ी में अंदर खींचकर बुरी नीयत के साथ छेड़छाड़ कर दी। लड़की ने मौके पर आरोपी शिवम को लात मारकर अपनी जान बचाई और भागने में सफल हुई। यह पूरा मामला तब हुआ जब नाबालिग शौच के लिए जंगल की और जा रही थी।

घटना के बाद घर जाकर नाबालिग ने पूरा मामला अपनी मम्मी और पापा को बताया। नाबालिग की रिपोर्ट पर रायसेन महिला थाने में आरोपी शिवम के विरूद्ध मामला दर्ज किया गया है। वहीं आरोपी शिवम घटना के बाद से ही फरार चल रहा है।

### महिलाओं को शौच के लिए जाना पड़ता है बाहर

*सरकार के दावे और हकीकत में बहुत अंतर है। सरकार दावा करती है कि घर-घर शौचालय निर्माण करवा दिए गए हैं। जबकि हकीकत इसके विपरीत है। अभी भी बहुत से गांवों में महिलाओं को शौच के लिए घर से बाहर जंगल में जाना पड़ता हैं। और वहां पर हादसों का शिकार हो जाती हैं। नाबालिग लड़की के साथ हुई छेड़छाड़ की वारदात इसका जीता जागता उदाहरण है। अगर नाबालिग लड़की के घर में ही शौचालय होता तो उसके साथ छेड़छाड़ की घटना घटित नही होती।*

### इनका कहना है

कस्बे में नाबालिग लड़की के साथ झोपड़ी में खींचकर छेड़छाड़ करने का मामला हुआ है। यह मामला तब घटित हुआ जब लड़की शौच के लिए घर से बाहर जा रही थी। आरोपी के विरूद्ध महिला थाने में अपराध दर्जकर विवेचना में लिया है। आरोपी को पकड़ने के लिए टीम बनाई गई है। उसे शीघ्र ही गिरफ्तार कर लिए जाएगा।

**दिनेश सिंह रघुवंशी,**
थाना प्रभारी सलामतपुर

## जिले में अब तक 158.5 मिलीमीटर बारिश

**रायसेन।** जिले में 1 जून से 6 जुलाई तक 146.6 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज की गई है जो कि गत वर्ष इसी अवधि में हुई औसत वर्षा से 73.8 मिलीमीटर कम है। जिले की वर्षा ऋतु में सामान्य औसत वर्षा 1197.1 मिलीमीटर है। अधीक्षक भू-अभिलेख द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार 1 जून से 6 जुलाई तक जिले के वर्षामापी केन्द्र रायसेन में 236.8 मिलीमीटर, गैरतगंज में 75.5, बेगमगंज में 228.9, सिलवानी में 207.8, गौहरगंज में 136.2, बरेली में 136, उदयपुरा में 140.4, बाड़ी में 196, सुल्तानपुर में 98.7 तथा वर्षामापी केन्द्र देवरी में 129 मिलीमीटर वर्षा दर्ज की गई है।

## सिलवानी में एक पेड़ मां के नाम अभियान अंतर्गत पौधरोपण कार्यक्रम संपन्न

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिलवानी

पौधरोपण करना व रोपे गए पौधे की पेड़ बनने तक देख रेख करना प्रत्येंक भारतीय का दायित्व है, पौधरोपण वर्तमान समय की महती आवश्यकता है, पौधरोपण से असंतुलित हो रहे पर्यावरण को सुधारा जा सकता है। यह उद्गार पूर्व कैबिनेट मंत्री रामपाल सिंह राजपूत ने व्यक्त किए। वह जनभागीदारी समिति द्वारा शासकीय महाविद्यालय परिसर में आयोजित एक पेड़ मां के नाम अभियान अंतर्गत पौधरोपण कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित हुए। प्रारंभ में श्री सिंह के द्वारा मां सरस्वती के चित्र के समक्ष दीप प्रज्जोलित एवं मार्ल्यापण किया। यहां पर जनभागीदारी समिति अध्यक्ष श्याम साहू के द्वारा मुख्य अतिथि को स्मृति चिन्ह भेंट किया गया, सिंह का फूल मालाओं से भी स्वागत किया।

सिंह ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने विश्व पर्यावरण दिवस के पुनीत अवसर पर 5 जून को बुद्ध जयंती पार्क में एक पौधा लगाकर एक पेड़ मां के नाम अभियान की शुरुआत की थी। पर्यावरण की सुरक्षा और समृद्धि के लिए समर्पित इस अभियान में सभी नागरिकों की सहभागिता जरूरी है।

# सामने आ रहे वाहन को बचाने में सड़क से नीचे उतरा कंटेनर, टला बड़ा हादसा

हरिभूमि न्यूज ⏭ दीवानगंज




भोपाल विदिशा हाईवे 18 पर शुक्रवार देर रात को चौहान ढाबा के पास एक कंटेनर भोपाल से विदिशा जा रहा था देर रात सामने से अज्ञात वाहन को बचाने के चक्कर में कंटेनर ड्राइवर ने कंटेनर को रोड से नीचे उतार दिया। रोड से नीचे उतरते ही कंटेनर मिट्टी में फंस कर रह गया काफी कोशिश करने के बाद भी कंटेनर बाहर नहीं निकल सका। सुबह भी काफी कोशिश के बावजूद भी कंटेनर वही फंसा रहा।

गनीमत रही कि कंटेनर ने पलटी नहीं खाई नहीं तो एक बड़ी अनहोनी हो सकती थी कंटेनर पूरी तरह झुक गया था। जरा और झुक जाता तो पलटी खा जाता। बता दें कि भोपाल विदिशा हाईवे पर कुछ दिन पहले नल जल योजना के तहत पाइपलाइन डाली गई है। इस पाइपलाइन डालने के कारण मिट्टी दलदली सी हो गई है कुछ दिन पहले भी इसी जगह पर एक ट्रक फंस गया था, जिसको भी काफी मशक्कत के बाहर निकाला जा सका था।

# कीचड़ से सराबोर सड़कें, बाड़ी कलां के रहवासी परेशान

हरिभूमि न्यूज ⏭ बाड़ी



बाड़ी कला की सड़कों की हालत देखकर लगता ही नहीं है कि यह शहर की तस्वीर है या किसी पिछड़े गांव की तस्वीर चार वार्ड में सड़क दिख ही नहीं रही कीचड़ ही कीचड़ का साम्राज्य देखा जा रहा है। कीचड़ से सड़के भरी हुई है, जिससे आम लोगों का आना-जाना दूभर हो रहा है जैन बस्ती वार्ड क्र. 3 एवं सभी बातों की सीमाओं पर सड़क पर बड़े-बड़े गड्ढे और ताल तलैया जैसा दृश्य देखा जा सकता है बारिश का मौसम प्रारंभिक काल की हल्की बूंदाबांदी में नगर की तस्वीर पानी के दृश्य से भर गई है।

सड़क के ऊपर कीचड़ होने के कारण लोगों को आने-जाने में भारी परेशानी हो रही है वहीं वाहन चालकों की सड़क पर वाहन चलाना खतरे से खाली नहीं माना जाता है। इधर आम नागरिक वाहन चालकों की रफ्तार से खुद भारी परेशानी को झेल रहे, लेकिन बारिश के मौसम से पूर्व नगर प्रशासन के सभी दावे ध्वस्त होते नजर आ रहे हैं हम आपको वास्तविकता से अवगत करा रहे।

### सड़कों पर पानी ही पानी

*नियम विरुद्ध सड़कों के निर्माण से पानी का भारी भराव हो रहा है सड़क में बड़े-बड़े गड्ढे हो गए पानी भरी हुई है जिसे आता गबन में भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है लोग और छोटे बच्चे बच्चियों को इस समस्या से भारी परेशान है क्योंकि सड़कों पर बड़े-बड़े गड्ढे हो चुके हैं सभी बातों में सड़कों पर पानी और गड्ढे देखे जा सकते हैं।*

### वाहन चालक खेल रहे खतरों से

नगर की सड़क की पूरी तरह ध्वस्त हो चुकी है सड़क पर बड़े-बड़े गड्ढे हो चुके हैं। गुणवत्ता के अभाव के कारण की सड़कों पर गारंटी नहीं होने के कारण वार्ड क्र. 3 की सड़क पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई है। नवीन निर्माण के लिए कार्य प्रारंभ तो हो चुका है लेकिन काम में रुकावट के कारण आमजन काफी परेशान है। अब देखना है कि प्रशासन आम लोगों की समस्या के लिए कुछ करता है या नहीं यह देखने वाली बात है।

### इनका कहना है

जो आप बाड़ी कलां में रोड़ पर कीचड़ की समस्या बता रहे हैं उसका जल्द ही समाधान करवाते हैं।

**निरुपमा यादव,** सीएमओ नगर परिषद बाड़ी

रायसेन में 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान अंतर्गत पौधरोपण कार्यक्रम सम्पन्न

# पर्यावरण की सुरक्षा व समृद्धि के लिए करें पौधरोपण : डॉ चौधरी

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायसेन

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने विश्व पर्यावरण दिवस के पुनीत अवसर पर 5 जून को बुद्ध जयंती पार्क में एक पौधा लगाकर एक पेड़ मां के नाम अभियान की शुरुआत की थी। मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव द्वारा भोपाल में एक पेड़ मॉ के नाम अभियान अंतर्गत पौधरोपण किया गया है। पर्यावरण की सुरक्षा और समृद्धि के लिए समर्पित इस अभियान में सभी नागरिकों की सहभागिता जरूरी है। सभी नागरिक अधिक से अधिक पौधे लगाएं तथा उनकी देखभाल और सुरक्षा भी करें। यह विचार विधायक डॉ चौधरी ने रायसेन स्थित वीरांगना रानी अवंतीबाई पार्क में एक पेड़ मॉ के नाम अभियान अंतर्गत आयोजित पौधरोपण कार्यक्रम में व्यक्त किए।

विधायक डॉ चौधरी ने कहा कि वर्तमान में पर्यावरण संरक्षण और संवर्धन महती आवश्यकता है। तापमान में हो रही वृद्धि को कम करने तथा भू-जल स्तर को ऊपर लाने अधिक से अधिक पौधरोपण जरूरी है। यही पौधे बड़े होकर वृक्ष का आकर लेंगे तथा वातावरण में ऑक्सीजन की मात्रा बढ़ाने के साथ ही प्रदूषण नियंत्रण में भी योगदान देंगे।






कार्यक्रम में कलेक्टर अरविंद दुबे द्वारा एक पेड़ मॉ के नाम अभियान के तहत सम्पूर्ण जिले में आयोजित किए जा रहे पौधरोपण कार्यक्रमों के बारे में बताया गया। उन्होंने सभी से एक पेड़ मॉ के नाम अभियान में सहभागिता कर पौधरोपण करने की अपील करते हुए कहा कि सभी वायुदूत एप पर रजिस्ट्रेशन भी करें तथा पौधरोपण कर उसकी फोटो एप पर अपलोड करें।

### जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों, लोगों ने पौधरोपण कर सुरक्षा का लिया संकल्प

रायसेन स्थित वीरांगना रानी अवंतीबाई पार्क में एक पेड़ मॉ के नाम अभियान अंतर्गत आयोजित पौधरोपण कार्यक्रम में विधायक डॉ प्रभुराम चौधरी, जिला पंचायत अध्यक्ष यशवंत मीणा, नगर पालिका अध्यक्ष शसविता सेन, कलेक्टर अरविंद दुबे, जिला पंचायत सीईओ अंजू पवन भदौरिया, राकेश शर्मा सहित अन्य जनप्रतिनिधियों तथा अधिकारियों द्वारा पौधरोपण किया गया। इसके उपरांत विधायक डॉ चौधरी द्वारा सभी को रोपित किए पौधों की देखभाल करने का संकल्प दिलाया गया, जिससे कि पौधे वृक्ष का आकार ले सकें। कार्यक्रम में एसडीएम मुकेश सिंह, सीएमएचओ डॉ दिनेश खत्री, सीएमओ सुरेखा जाटव सहित अन्य अधिकारी भी उपस्थित रहे।

# पूर्व मंत्री ने किया एक पेड़ मां के नाम का शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ⏭ गैरतगंज



शनिवार को पूर्व मंत्री एवं विधायक डॉ. प्रभुराम चौधरी ने एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत नगर परिषद क्षेत्र अंतर्गत शास महाविद्यालय में पौधा रोपकर अभियान की शुरुआत की। वहीं महाविद्यालय स्थित सभा कक्ष में संबोधन देते हुए उपस्थित जनसमूह एवं छात्र-छात्राओं तथा अधिकारियों, जनप्रतिनिधियों से एक पेड मां के नाम अभियान में बढ़ चढ़कर हिस्सा लेने का आव्हान किया एवं प्रत्येक व्यक्ति को स्वच्छ हवा एवं प्रदूषण मुक्त वातावरण बनाने हेतु पेड़ो का महत्व बताया। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा एक पेड़ मां के नाम अभियान का आह्वान किया कि वह एक पेड अवश्य लगाए, जिससे हमारा भविष्य सुरक्षित बना रहे।

इस दौरान भाजपा जिला अध्यक्ष राकेश शर्मा, जिपं अध्यक्ष यशवंत मीणा, मंडल अध्यक्ष संजय जैन संजू, नप अध्यक्ष जिनेश सिंघई, अशोक सिंह ठाकुर, एसडीएम पल्लवी वैध, तहसीलदार रामजीलाल वर्मा, थाना प्रभारी महेश टाण्डेकर, नायब तहसीलदार विशाखा चौहान, हरिनारायण धाकड़, हरिकृष्ण गोर, रामकृपाल श्रीवास्तव, रहीम शाह, पार्षद बाबूलाल राय, संतोष मालवीय, सहित अन्य उपस्थित रहे।